भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 410
19 नवम्बर, 2019 को उत्तरार्थ

**विषय : रबी की फसलों के उत्पादन में वृद्धि**

**410. श्रीमती लॉकेट चटर्जीः**

**क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार संपूर्ण देश में रबी की फसल के उत्पादन में वृद्धि हेतु कोई कदम उठा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार संपूर्ण देश में दहलन और तिलहन के उत्पादन में वृद्धि के लिए कोई कदम उठा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) एवं (ख): देशभर में रबी फसल सहित फसलों का उत्पादन बढ़ाने हेतु सरकार ने विभिन्न स्कीमों यथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम), राष्ट्रीय बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए), बीज और रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी), कृषि यांत्रिकीकरण उप-मिशन (एसएमएएम), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), परम्परागत कृषि विकास योजना (पीएमकेवीवाई) आदि का कार्यान्वयन कर रही है।

(ग) एवं (घ): देश में दलहन का उत्पादन तथा उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सरकार देश के 28 राज्यों के 638 जिलों तथा 2 केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख) में

एनएफएसएम- दलहन को कार्यान्वित कर रही है। इस मिशन के तहत किसानों को कलस्टर प्रदर्शनों, फसलन प्रणाली आधारित प्रदर्शनों, बीज वितरण, बीज उत्पादन, सूक्ष्म पोषक तत्वों, मृदा सुधारक, संसाधन संरक्षण तकनीकों/उपकरणों, जल अनुप्रयोग उपकरणों तथा फसलन प्रणाली आधारित प्रशिक्षणों आदि के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है।

एनएफएसएम-दलहन के तहत सरकार दलहन सहित गन्ना के अंतर फसलन पर विशेष कार्य योजना तथा कम उत्पादकता वाले जिलों में दलहन की उत्पादकता को बढ़ाने पर कार्यक्रम को भी कार्यान्वित कर रही है।

सरकार तिलहन तथा खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता का उत्पादन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) तिलहन तथा ऑयलपाम को कार्यान्वित कर रही है। यह स्कीम 29 राज्यों में चल रही है तथा इसके तीन घटक नामत: तिलहन ऑयलपाम तथा वृक्ष जनित तिलहन (टीबीओ) हैं । इसका मुख्य उद्देश्य तिलहनों का उत्पादन तथा उत्पादकता बढ़ाना है एवं ऑयलपाम तथा टीबीओ खेती के तहत क्षेत्र विस्तार करना है।

इस स्कीम के तहत नई जारी किस्मों का वितरण, बीज मिनीकिट की आपूर्ति, राज्य सरकारों के माध्यम से मधुमक्खी पालन सहित ब्लॉक प्रदर्शन, आईसीएआर/एसएयू-केवीके के माध्यम से फ्रंटलाईन तथा कलस्टर फ्रंटलाईन प्रदर्शन, किसान प्रशिक्षण, उन्नत कृषि उपकरण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, जल संवाहक पाइप, बीज भंडारण डिब्बे, बीज उपचार ड्रम, जैव-कीटनाशी, सूक्ष्म पोषक तत्व, जैव-उर्वरक तथा जैव एजेंट  जैसे प्रोत्साहन राशि किसानों को प्रदान किए जाते हैं।

इसके अलावा, 6 पूर्वोत्तर राज्यों नामत: असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल में लक्षित चावल परती क्षेत्र (टीआरएफए) पर एक विशेष कार्यक्रम कार्यान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को वर्ष 2019-20 से रबी तिलहन तथा दलहन के लिए आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक तथा तमिलनाडु जैसे अन्य राज्यों में भी विस्तारित किया गया है।

****